**प्रेस नोट-जनपद सीतापुर**

# विधान सभा का कूट रचित (फ़र्ज़ी) पास लगाकर ठगी व धोखाधड़ी करने वाले 03 अभियुक्त गिरफ्तार

**दिनांक:-16-08-2026**

पुलिस अधीक्षक सीतापुर महोदय, श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में लूट/चोरी/नकबजनी/धोखाधड़ी/ठगी आदि जैसी घटनाओं में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है-

उक्त दिये गये निर्देशो के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री आलोक सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री कपूर कुमार के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा लोगों को नौकरी दिलाने का झांसा देकर और प्रभाव में लेकर उनके बैंक खाते/एटीएम व पासबुक प्राप्त कर वित्तीय धोखाधड़ी व ठगी के संबंध में पंजीकृत मु०अ०सं० 188/26 धारा 318(4)/191(2)/308(5) BNS व मु०अ०सं० 237/26 धारा 318(4)/351(2) BNS में वांछित/प्रकाश में आये 03 अभियुक्त 1.आयुष यादव पुत्र सुनील यादव निवासी निकट जी०डी०सी० कॉलेज थाना खैराबाद जनपद सीतापुर 2.शौर्य कन्नौजिया पुत्र राकेश कुमार कन्नौजिया निवासी सदर बाजार थाना कोतवाली नगर जनपद सीतापुर 3.आयुष यादव पुत्र संजीत सिंह यादव निवासी ए०बी०डी० कॉलोनी रोटी गोदाम थाना कोतवाली नगर जनपद सीतापुर को गंगाधर मिश्र कॉलोनी मोड़ से गिरफ्तार किया गया। तथा पूर्व से पंजीकृत मुकदमें में धारा 338/336(3)/340(2)/3(5) BNS की बढ़ोत्तरी की गयी। **अभियुक्तगण गाड़ी में विधान सभा का कूट रचित (फ़र्ज़ी) पास लगाकर लोगों को नौकरी दिलाने का झांसा देकर और प्रभाव में लेकर उनके बैंक खाते/एटीएम व पासबुक प्राप्त कर वित्तीय धोखाधड़ी व ठगी का काम करते थे।** अभियुक्तों के पास से कूटरचित पास, धोखाधड़ी में प्रयुक्त महिंद्रा थार गाड़ी, 03 अदद मोबाइल फोन बरामद हुए। गिरफ्तार अभियुक्तों का चालान मा0 न्यायालय किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम/पता-**

1. आयुष यादव पुत्र सुनील यादव निवासी निकट जी०डी०सी० कॉलेज थाना खैराबाद जनपद सीतापुर।
2. शौर्य कन्नौजिया पुत्र राकेश कुमार कन्नौजिया निवासी सदर बाजार थाना कोतवाली नगर जनपद सीतापुर।
3. आयुष यादव पुत्र संजीत सिंह यादव निवासी ए०बी०डी० कॉलोनी रोटी गोदाम थाना कोतवाली नगर सीतापुर।

**बरामदगी:-** 01 अदद चार पहिया वाहन महिंद्रा थार, उत्तर प्रदेश विधान सभा विधायक फ़र्ज़ी पास , 03 अदद मोबाइल फोन

## पुलिस टीमः-

1. उप निरीक्षक ज्योति विश्नोई
2. कांस्टेबल अमित कुमार
3. कांस्टेबल सचिन सोनकर
4. रि0का0 मोहित बाबू
5. रि0का0 नवनीत यादव
6. हो0गा0 (चालक) अल्ताफ




